रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 08/09/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC Under Graduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Awareness**

**Q.1** मौर्य काल के दौरान शासन और प्रशासन का आधार बनने वाले ग्रंथ 'अर्थशास्त्र' में नागरिकों की निम्नलिखित में से किस समस्या पर चर्चा की गई थी?

**Ans**
✗ 1. राज्य की भू-राजनीतिक समस्याएं
✗ 2. शासकों के नीतिशास्त्रीय और नैतिकता संबंधी मुद्दे
✗ 3. सीमा पार और शैक्षिक मुद्दे
✓ 4. सामाजिक-आर्थिक समस्याएं

**Q.2** मई 2025 से प्रभाव में आने वाले अंतर-सेवा संगठन (कमान, नियंत्रण और अनुशासन) नियमों का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

**Ans**
✓ 1. एक एकीकृत सैन्य कमान संरचना स्थापित करना
✗ 2. खुफिया अभियानों को केंद्रीकृत करना
✗ 3. अर्ध-सैनिक बलों को रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत एकीकृत करना
✗ 4. रक्षा विनिर्माण का निजीकरण करना

**Q.3** रियल-टाइम गवर्नेंस सोसाइटी (RTGS) के अंतर्गत अप्रैल 2025 में राज्य सरकार द्वारा आयोजित एक बैठक के अनुसार, भारत का पहला क्वांटम कंप्यूटिंग गाँव कहाँ स्थापित करने का प्रस्ताव है?

**Ans**
✗ 1. पटना, बिहार
✓ 2. अमरावती, आंध्र प्रदेश
✗ 3. तिरुवनंतपुरम, केरल
✗ 4. बेंगलुरु, कर्नाटक

**Q.4** एम्पीयर परिमाण का निर्धारण, मूल आवेश के संख्यात्मक मान को ____________ के बराबर निर्धारित करके किया जाता है।

**Ans**
✗ 1. $1.655908436 \times 10^{-18}$ C
✗ 2. $1.624432754 \times 10^{-17}$ C
✗ 3. $1.611547243 \times 10^{-19}$ C
✓ 4. $1.602176634 \times 10^{-19}$ C

**Q.5** निम्नलिखित में से कौन-सा, भारत में बिजली उत्पादन का सबसे बड़ा स्रोत है?

**Ans**
✗ 1. सौर ऊर्जा
✓ 2. तापीय ऊर्जा
✗ 3. नाभिकीय ऊर्जा
✗ 4. पवन ऊर्जा

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

80,000+
Mock Tests

Personalised
Report Card

Unlimited
Re-Attempt

600+
Exam Covered

20,000+ Previous
Year Papers

500%
Refund

ATTEMPT FREE MOCK NOW

| | | |
|---|---|---|
| Q.6 | निम्नलिखित में से कौन-सा, रासायनिक अपक्षयन का एक उदाहरण है? | |
| Ans | ✗ 1. अपशल्कन<br>✗ 2. अपघर्षण<br>✓ 3. ऑक्सीकरण<br>✗ 4. तुषार क्रिया | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.7 | मई 2025 में पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा लॉन्च की गई पुस्तक 'चुनौतीयां मुझे पसंद हैं (Chunautiyan Mujhe Pasand Hain)' के लेखक कौन हैं? | |
| Ans | ✗ 1. संतोष कुमार गंगवार<br>✗ 2. प्रताप शुक्ला<br>✓ 3. आनंदीबेन पटेल<br>✗ 4. थावरचंद गेहलोत | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.8 | 1890 के दशक में किस आदिवासी नेता ने मुंडा उलगुलान (विद्रोह) का नेतृत्व किया? | |
| Ans | ✗ 1. गुंडा धुर<br>✗ 2. ताना भगत<br>✓ 3. बिरसा मुंडा<br>✗ 4. तिलका मांझी | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.9 | अरुणा आसफ अली को 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ______ में भारतीय राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए व्यापक रूप से याद किया जाता है। | |
| Ans | ✗ 1. प्रगति मैदान, दिल्ली<br>✗ 2. गांधी मैदान,पटना<br>✗ 3. शिवाजी पार्क, बॉम्बे<br>✓ 4. गोवालिया टैंक मैदान, बॉम्बे | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.10 | जनवरी 2025 में भारत सरकार द्वारा अनुमोदित म्यूचुअल क्रेडिट गारंटी योजना, सदस्य ऋण संस्थानों को ऋण सुविधा के लिए कितने प्रतिशत गारंटी कवरेज प्रदान करती है? | |
| Ans | ✗ 1. 50%<br>✓ 2. 60%<br>✗ 3. 40%<br>✗ 4. 80% | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.11 | उत्तर भारत की पहली नाभिकीय परियोजना किस राज्य में स्थापित की जाएगी? | |
| Ans | ✗ 1. हिमाचल प्रदेश<br>✓ 2. हरियाणा<br>✗ 3. उत्तराखंड<br>✗ 4. पंजाब | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.12 | 2014 में विश्व की अर्थव्यवस्थाओं में भारत की स्थिति क्या थी? | |
| Ans | ✓ 1. 10वीं सबसे बड़ी<br>✗ 2. 7वीं सबसे बड़ी<br>✗ 3. 15वीं सबसे बड़ी<br>✗ 4. 12वीं सबसे बड़ी | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.13 | मई 2025 में, डाक विभाग द्वारा भारत की एड्रेसिंग प्रणाली को आधुनिक बनाने और अंतिम मील को बढ़ाने के उद्देश्य से निम्नलिखित में से कौन-सी पहल शुरू की गई थी? | |
| Ans | ✓ 1. नो योर डिजीपिन एंड नो योर पिन कोड वेब प्लेटफॉर्म<br>✗ 2. डिजिटल इंडिया एड्रेस मैपिंग एंड नेशनल पोस्टल ट्रैकर<br>✗ 3. जियोलोकेट इंडिया एंड पोस्टल कोड फाइंडर<br>✗ 4. इंडिया एड्रेस प्रिसिशन सिस्टम एंड पोस्टल सर्विस एन्हांसर | |

Q.14 किस चिली फिल्म निर्माता ने 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल (Cannes Film Festival) में अपनी पहली फीचर फिल्म 'द मिस्टीरियस गेज ऑफ द फ्लेमिंगो (The Mysterious Gaze of the Flamingo)' के लिए अन सर्टेन रिगार्ड सेक्शन में शीर्ष पुरस्कार जीता?

Ans
- ✗ 1. एन्ड्रेस वुड (Andrés Wood)
- ✓ 2. डिएगो सेस्पेडेस (Diego Céspedes)
- ✗ 3. सेबेस्टियन लेलियो (Sebastián Lelio)
- ✗ 4. पाब्लो लारैन (Pablo Larraín)

Q.15 निम्नलिखित में से कौन-सी क्रिया, विंडोज में किसी फ़ाइल को रीसायकल बिन (Recycle Bin) में ले जाएगी?

Ans
- ✓ 1. फाइल पर Right-क्लिक करें → Delete सेलेक्ट करें
- ✗ 2. सेलेक्ट की गयी फाइल पर Enter दबाएं
- ✗ 3. फ़ाइल को Taskbar में ड्रैग करें
- ✗ 4. फाइल पर Right-क्लिक करें → Rename सेलेक्ट करें

Q.16 किस राज्य का भू-आकृति विज्ञान मुख्यतः सिंधु-गंगा के मैदान द्वारा परिभाषित है?

Ans
- ✗ 1. झारखंड
- ✗ 2. राजस्थान
- ✗ 3. सिक्किम
- ✓ 4. उत्तर प्रदेश

Q.17 भारत की स्वदेशी लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली का नाम क्या है, जिसका विकास किया जा रहा है और जिसके 2028-29 तक प्रचालित (operational) होने की उम्मीद है?

Ans
- ✗ 1. अग्नि V (Agni-V)
- ✓ 2. प्रोजेक्ट कुशा (Project Kusha)
- ✗ 3. त्रिशूल (Trishul)
- ✗ 4. आकाश-एन.जी (Akash-NG)

Q.18 भारत का सर्वोच्च न्यायालय, किस अनुच्छेद के अंतर्गत मौलिक अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित मामलों में आरंभिक अधिकारिता का प्रयोग करता है?

Ans
- ✓ 1. अनुच्छेद 32
- ✗ 2. अनुच्छेद 136
- ✗ 3. अनुच्छेद 131
- ✗ 4. अनुच्छेद 226

Q.19 निम्नलिखित में से कौन-सा अधिकरण, विशेष रूप से लोक सेवकों के सेवा-संबंधी मामलों से संबंधित है?

Ans
- ✗ 1. राष्ट्रीय हरित अधिकरण
- ✓ 2. केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण
- ✗ 3. सशस्त्र बल अधिकरण
- ✗ 4. आयकर अपीलीय अधिकरण

Q.20 स्वच्छ आकाश, बढ़ता तापमान और आर्द्र भूमि -इन स्थितियों को सामान्यतः 'अक्टूबर हीट' कहा जाता है- विशेषताएं भारतीय संदर्भ में निम्नलिखित में से किससे संबंधित हैं?

Ans
- ✗ 1. पश्चिमी तट से टकराती मानसूनी पवन
- ✗ 2. बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती अवदाब
- ✗ 3. अरब सागर में चक्रवाती अवदाब
- ✓ 4. निवर्तन मानसून

Q.21 1991 से 2020 के बीच, भारत की निर्यात-आयात प्रवृत्तियाँ ____________ दर्शाती हैं।

Ans
✗ 1. प्रत्येक वर्ष व्यापार अधिशेष
✗ 2. निर्यात-आयात अनुपात 1:1 पर बना हुआ
✗ 3. आयात में निरंतर गिरावट
✓ 4. निर्यात की तुलना में आयात में वृद्धि और व्यापार घाटे में वृद्धि

Q.22 किस भारतीय मंत्री ने दावोस 2025 में भारत की आर्थिक वृद्धि और IT उन्नति पर प्रकाश डाला?

Ans
✓ 1. अश्विनी वैष्णव
✗ 2. निर्मला सीतारमण
✗ 3. राजनाथ सिंह
✗ 4. पीयूष गोयल

Q.23 स्वर्णिम चतुर्भुज (Golden Quadrilateral) निम्नलिखित में से किन चार प्रमुख मेट्रो शहरों को जोड़ता है?

Ans
✗ 1. दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई
✗ 2. दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, कोलकाता
✓ 3. दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता, मुंबई
✗ 4. मुंबई, कोलकाता, भोपाल, बेंगलुरु

Q.24 वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2024 (World Happiness Report 2024) के अनुसार, किस देश को सबसे खुशहाल देश का दर्जा दिया गया है?

Ans
✗ 1. स्वीडन
✗ 2. डेनमार्क
✗ 3. आइसलैंड
✓ 4. फिनलैंड

Q.25 चुंबकीय क्षेत्र के संबंध में चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं की निकटता क्या इंगित करती है?

Ans
✓ 1. चुंबकीय क्षेत्र की आपेक्षिक सामर्थ्य
✗ 2. विद्युत क्षेत्र की दिशा
✗ 3. विद्युत आवेश की उपस्थिति
✗ 4. चुंबकीय क्षेत्र की दिशा

Q.26 समान कार्य के लिए समान वेतन किस अनुच्छेद के तहत सुनिश्चित किया गया है?

Ans
✗ 1. अनुच्छेद 42
✓ 2. अनुच्छेद 39(d)
✗ 3. अनुच्छेद 43
✗ 4. अनुच्छेद 39(a)

Q.27 निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म अपने संक्षिप्त नाम और फंक्शन दोनों के साथ सही तरीके से मेल खाता है?

Ans
✗ 1. PCB - प्रिंटेड चिप बेस - CPU से डिस्प्ले तक डेटा ट्रांसफर करता है
✓ 2. ROM - रीड ओनली मेमोरी - कंप्यूटर चालू होने पर आवश्यक बूट इंस्ट्रक्शन को स्टोर करता है
✗ 3. RAM - रैंडम एक्सेस मेमोरी - पॉवर ऑफ होने के बाद भी ऑपरेटिंग सिस्टम रन होता है
✗ 4. CPU - सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट - यूजर फ़ाइलों को स्थायी रूप से स्टोर करता है

Q.28 मार्च 2025 में भारत पर्यावास केन्द्र, नई दिल्ली में 'ऊर्जा एवं संसाधन संस्थान (The Energy and Resources Institute - TERI) द्वारा आयोजित 'विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन (World Sustainable Development Summit)' की थीम क्या थी?

Ans
✗ 1. हमारे ग्रह में निवेश करें (Invest In Our Planet)
✗ 2. भूमि पुनःस्थापन, मरुस्थलीकरण और अनावृष्टि प्रतिस्थितित्व (Drought Resilience)
✗ 3. पारितंत्र पुनःस्थापन (Ecosystem Restoration)
✓ 4. सतत विकास और जलवायु समाधानों (Climate Solutions) में तेजी लाने के लिए साझेदारी

| | | |
|---|---|---|
| Q.29 | भारत में उदारीकरण से कौन-सा क्षेत्र सर्वाधिक प्रभावित हुआ है? | |
| Ans | ✗ 1. आईटी<br>✓ 2. उद्योग और सेवाएँ<br>✗ 3. कृषि<br>✗ 4. सार्वजनिक वितरण | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.30 | 'स्थायी कार्यकारी (permanent executive)' किसे कहा जाता है? | |
| Ans | ✗ 1. निर्वाचित संसद के सदस्य<br>✓ 2. स्थायी लोक सेवक, जो दैनिक प्रशासन का प्रबंधन करते हैं<br>✗ 3. सरकार के मुखिया और उनके मंत्री<br>✗ 4. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.31 | पीएम स्वनिधि (PM SVANidhi) योजना, केवल उन्हीं राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के लाभार्थियों के लिए उपलब्ध है, जिन्होंने पथ विक्रेता (जीविका संरक्षण और पथ विक्रय विनियमन) अधिनियम, ___________ के अंतर्गत नियमों और योजना को अधिसूचित किया है। | |
| Ans | ✗ 1. 2001<br>✗ 2. 2005<br>✗ 3. 2008<br>✓ 4. 2014 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.32 | वित्त वर्ष 2023-24 में भारत के रक्षा निर्यात में निम्नलिखित में से किस क्षेत्र ने सबसे अधिक योगदान दिया? | |
| Ans | ✗ 1. केवल निजी क्षेत्र<br>✓ 2. निजी क्षेत्र ने लगभग 60% और DPSUs ने लगभग 40% का योगदान दिया<br>✗ 3. समान रूप से निजी क्षेत्र और DPSUs<br>✗ 4. केवल DPSUs | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.33 | हड़प्पावासियों द्वारा कांस्य प्रतिमाएँ बनाने के लिए निम्नलिखित में से किस तकनीक का उपयोग किया गया था? | |
| Ans | ✗ 1. उत्कीर्णन<br>✗ 2. पत्थर नक्काशी<br>✗ 3. हस्त-सज्जापट्टी<br>✓ 4. लुप्त मोम ढलाई | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.34 | सिंधु घाटी के नगरों की कौन-सी प्रमुख नगरीय विशेषता, चौराहों पर मिलती सड़कों और ढकी हुई नालियों के साथ उन्नत योजना को दर्शाती है? | |
| Ans | ✓ 1. ग्रिड-पैटर्न लेआउट<br>✗ 2. झुग्गी-बस्ती<br>✗ 3. किला<br>✗ 4. केवल गढ़ | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.35 | निम्नलिखित में से किस परिवर्तन के लिए कम से कम आधी राज्य विधायिका के अनुमोदन की आवश्यकता होगी? | |
| Ans | ✓ 1. भाग XVIII में आपातकालीन प्रावधानों में संशोधन<br>✗ 2. मौलिक अधिकारों की गारंटी में परिवर्तन<br>✗ 3. संघीय विषय सूची में परिवर्तन<br>✗ 4. प्रस्तावना के पाठ का पुनर्लेखन | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.36 | निम्नलिखित में से किस वर्ष राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार का आधिकारिक तौर पर नाम बदलकर मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार कर दिया गया? | |
| Ans | ✗ 1. 2017 | |
| | ✗ 2. 2015 | |
| | ✓ 3. 2021 | |
| | ✗ 4. 2019 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.37 | किस निजी फर्म ने लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट Mk1A के लिए पहला रियर फ्यूजलेज (rear fuselage) तैयार किया, जिसे बेंगलुरु में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) को सौंप दिया गया? | |
| Ans | ✗ 1. महिंद्रा डिफेंस | |
| | ✗ 2. टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स | |
| | ✓ 3. अल्फा टोकोल इंजीनियरिंग सर्विसेज | |
| | ✗ 4. लार्सन एंड टुब्रो | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.38 | संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) द्वारा जारी 2025 मानव विकास सूचकांक (HDI) में भारत की रैंक कितनी थीं? | |
| Ans | ✗ 1. 140 | |
| | ✓ 2. 130 | |
| | ✗ 3. 135 | |
| | ✗ 4. 125 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.39 | निम्नलिखित में से किस राशि में परिमाण और दिशा दोनों होते हैं? | |
| Ans | ✓ 1. वेग | |
| | ✗ 2. समय | |
| | ✗ 3. दूरी | |
| | ✗ 4. चाल | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.40 | 1931 के दूसरे गोलमेज सम्मेलन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एकमात्र प्रतिनिधि कौन थे? | |
| Ans | ✓ 1. महात्मा गांधी | |
| | ✗ 2. चितरंजन दास | |
| | ✗ 3. डॉ. बी. आर. अंबेडकर | |
| | ✗ 4. जवाहरलाल नेहरू | |

Section : **Mathematics**

| | | |
|---|---|---|
| Q.1 | $69^{-4} \div 69^{15} \times 69^{-9}$ का मान ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✓ 1. $69^{-28}$ | |
| | ✗ 2. $69^{-38}$ | |
| | ✗ 3. $69^{-23}$ | |
| | ✗ 4. $69^{-37}$ | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.2 | 102 km की दूरी तय करने में, अमित को विनय से 8 घंटे अधिक लगते हैं। यदि अमित अपनी चाल दोगुनी कर दे, तो उसे विनय से 9 घंटे कम लगेंगे। अमित की चाल कितनी है? | |
| Ans | ✗ 1. 8 km/hr | |
| | ✗ 2. 10 km/hr | |
| | ✓ 3. 3 km/hr | |
| | ✗ 4. 11 km/hr | |

Q.3 वह सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए जिसे 19964 में जोड़े जाने पर प्राप्त योगफल 76 से पूर्णतः विभाज्य हो जाए।

Ans
✗ 1. 25
✗ 2. 21
✗ 3. 22
✓ 4. 24

Q.4 दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक (H.C.F.) और लघुत्तम समापवर्त्य (L.C.M.) क्रमशः 3 और 396 है। यदि उनमें से एक संख्या 132 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 9
✗ 2. 60
✗ 3. 90
✗ 4. 80

Q.5 दो क्रमागत प्राकृत संख्याओं का गुणनफल 650 है। दोनों संख्याओं में से बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 31
✗ 2. 43
✓ 3. 26
✗ 4. 29

Q.6 यदि पहली संख्या का 43%, दूसरी संख्या के $\frac{2}{9}$ वें भाग के बराबर है, तो पहली संख्या का दूसरी संख्या से अनुपात कितना है?

Ans
✗ 1. 198 : 382
✗ 2. 201 : 390
✓ 3. 200 : 387
✗ 4. 202 : 384

Q.7 यदि माता की वर्तमान आयु का 2 गुना उनकी पुत्री की वर्तमान आयु के 6 गुना से 26 वर्ष अधिक है, और पुत्री की वर्तमान आयु का 4 गुना माता की वर्तमान आयु से 4 वर्ष कम है, तो माता और पुत्री की आयु के बीच अंतर (वर्षों में) कितना है?

Ans
✗ 1. 29
✓ 2. 31
✗ 3. 36
✗ 4. 32

Q.8 एक व्यक्ति 21 km/hr की चाल से कार चलाकर एक पुल को 18 मिनट में पार करता है। पुल की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 15.2 km
✗ 2. 4.7 km
✗ 3. 2.5 km
✓ 4. 6.3 km

Q.9 हिमांशी ने एक खिलौना ₹743 में खरीदा, उसे ₹8 की लागत से सजाया और खिलौने को ₹750 में बेच दिया। हानि या लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. $\frac{110}{751}\%$ लाभ
✗ 2. $\frac{100}{751}\%$ लाभ
✓ 3. $\frac{100}{751}\%$ हानि
✗ 4. $100\%$ हानि

Q.10 ₹45,800 को A, B और C के बीच इस प्रकार विभाजित किया गया कि A के हिस्से का 2 गुना = B के हिस्से का 4 गुना = C के हिस्से का 7 गुना है। A का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹25,648 ✔
2. ₹25,611 ✗
3. ₹25,582 ✗
4. ₹25,828 ✗

Q.11 पाँच संख्याओं का योग 655 है। पहली दो संख्याओं का औसत 80 है और तीसरी संख्या 106 है। शेष दो संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 194.5 ✔
2. 186 ✗
3. 195.5 ✗
4. 187 ✗

Q.12 एक लैपटॉप की कीमत ₹46,000 है और इस पर 16% की व्यापार छूट उपलब्ध है। ग्राहक द्वारा भुगतान की जाने वाली अंतिम धनराशि ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹38,640 ✔
2. ₹38,625 ✗
3. ₹38,685 ✗
4. ₹38,610 ✗

Q.13 निम्नलिखित को सरल कीजिए।

$$\frac{(1+\sin A)(\sec A-\tan A)}{\operatorname{cosec} A(1-\cos A)(\operatorname{cosec} A+\cot A)}$$

Ans
1. $\cos A$ ✔
2. $\tan A$ ✗
3. $2$ ✗
4. $1$ ✗

Q.14 संख्याओं 2.9 और 0.031 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 89.9 ✔
2. 0.899 ✗
3. 899 ✗
4. 8.99 ✗

Q.15 A किसी कार्य को 11 दिनों में कर सकता है और B उसी कार्य को 23 दिनों में कर सकता है। यदि वे 2 दिनों तक एक साथ इस पर कार्य करते हैं, तो कार्य का कितना भाग शेष रह जाएगा?

Ans
1. $\frac{185}{253}$ ✔
2. $\frac{192}{253}$ ✗
3. $\frac{193}{253}$ ✗
4. $\frac{181}{253}$ ✗

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.16 संख्या 242425 निम्नलिखित में से किससे विभाज्य है?

Ans
✗ 1. 13
✗ 2. 9
✗ 3. 6
✓ 4. 5

Q.17 x का वह मान ज्ञात कीजिए जो निम्नलिखित समीकरण को संतुष्ट करता है।
$3(3x^2 - 6) - 3(3x^2 + 5x - 7) = 19$

Ans
✗ 1. $-\frac{13}{15}$
✗ 2. $-\frac{26}{15}$
✗ 3. $-\frac{14}{15}$
✓ 4. $-\frac{16}{15}$

Q.18 राम, अनवर और अमित का औसत वज़न 45 kg है। यदि राम और अनवर का औसत वज़न 44 kg है तथा अनवर और अमित का औसत वज़न 42 kg है, तो अनवर का वज़न (kg में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 57
✓ 2. 37
✗ 3. 52
✗ 4. 47

Q.19 कोई व्यक्ति ऋण चुकाने के लिए अपने मासिक वेतन के 36% के बराबर मासिक भुगतान करता है। वह शेष वेतन का 50% खर्च करता है और ₹704 बचाता है। उसका मासिक वेतन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 2,104
✗ 2. 2,202
✓ 3. 2,200
✗ 4. 2,116

Q.20 यदि एक लम्ब वृत्तीय बेलन के आधार की त्रिज्या 28% कम कर दी जाए तथा इसकी ऊंचाई 141% बढ़ा दी जाए, तो इसके आयतन में प्रतिशत वृद्धि (निकटतम पूर्णांक तक) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 15%
✓ 2. 25%
✗ 3. 17%
✗ 4. 29%

Q.21 75 का 65%, 55 के $\frac{3}{5}$ से कितना अधिक है?

Ans
✓ 1. 15.75
✗ 2. 9.75
✗ 3. 13.75
✗ 4. 12.75

Q.22 64 cm व्यास वाले एक गोले से प्रत्येक 4 cm त्रिज्या वाली कितनी लोहे की गेंदें बनाई जा सकती हैं?

Ans
✗ 1. 729
✓ 2. 512
✗ 3. 343
✗ 4. 216

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.23 एक दुकानदार ₹1,200 अंकित मूल्य की एक शर्ट पर 20% और 10% की दो क्रमिक छूटें देता है। अंतिम विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹864 ✓
2. ₹890 ✗
3. ₹870 ✗
4. ₹880 ✗

Q.24 [138 ÷ {13 + 7 × (3 − 4)}] का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 20 ✗
2. 23 ✓
3. 27 ✗
4. 18 ✗

Q.25 गोपाल, हेमा और उदय ने एक व्यवसाय शुरू करने के लिए क्रमशः ₹1,130, ₹1,030 और ₹1,840 का निवेश किया। यदि वर्ष के अंत में लाभ ₹1,800 है, तो लाभ में उदय का हिस्सा कितना है?

Ans
1. ₹825 ✗
2. ₹830 ✗
3. ₹828 ✓
4. ₹831 ✗

Q.26 सपना ने ₹22,400 की राशि को साधारण ब्याज पर आंशिक रूप से 12% वार्षिक और आंशिक रूप से 8% वार्षिक दर से निवेश किया। यदि उसे 4 वर्षों के बाद दोनों निवेशों से समान ब्याज प्राप्त होता है, तो 12% वार्षिक दर से निवेश की गई राशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 8,960 ✓
2. 8,958 ✗
3. 8,963 ✗
4. 8,962 ✗

Q.27 चतुर्भुजों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं?

(i) कोई समचतुर्भुज एक वर्ग हो सकता है, लेकिन सभी वर्ग समचतुर्भुज नहीं हो सकते हैं।
(ii) एक समलम्ब चतुर्भुज में, सम्मुख भुजाओं के दो युग्म बराबर होते हैं।
(iii) समचतुर्भुज, एक विशेष प्रकार का समांतर चतुर्भुज होता है।
(iv) समांतर चतुर्भुज और समचतुर्भुज में विकर्ण बराबर होते हैं।

Ans
1. i ✗
2. iii ✓
3. ii ✗
4. iv ✗

Q.28 एक निश्चित धनराशि पर 2.9% वार्षिक ब्याज दर से $2\frac{7}{8}$ वर्षों का साधारण ब्याज ₹8,671 है।

समान धनराशि पर $4.5\%$ वार्षिक साधारण ब्याज दर से $4\frac{2}{5}$ वर्षों में देय मिश्रधन कितना होगा?

Ans
1. ₹1,24,590 ✗
2. ₹1,24,574 ✗
3. ₹1,24,592 ✓
4. ₹1,24,608 ✗

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.29 एक दुकानदार एक पंखे का मूल्य उसके क्रय मूल्य से 44% अधिक अंकित करता है तथा इसके अंकित मूल्य पर 25% की छूट देता है। यदि वह ₹67 का लाभ अर्जित करता है, तो पंखे का अंकित मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 1,441
✗ 2. 1,457
✗ 3. 1,194
✓ 4. 1,206

Q.30 किरण एक निश्चित कार्य को 26 दिनों में पूरा कर सकती है। किरण और गरिमा मिलकर उसी कार्य को 13 दिनों में पूरा कर सकती हैं तथा किरण, गरिमा और महक मिलकर उसी कार्य को 10 दिनों में पूरा कर सकती हैं। किरण और महक मिलकर उसी कार्य को कितने दिनों में पूरा कर सकती हैं?

Ans
✗ 1. $\frac{74}{5}$
✗ 2. $\frac{60}{6}$
✓ 3. $\frac{65}{4}$
✗ 4. $\frac{64}{4}$

## Section : General Intelligence and Reasoning

Q.1 बिस्मिल बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 14 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 19 km ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 16 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 26 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार बाएं मुड़ता है और 2 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर फिर से वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

Ans
✓ 1. 7 km पूर्व की ओर
✗ 2. 6 km पूर्व की ओर
✗ 3. 6 km पश्चिम की ओर
✗ 4. 7 km पश्चिम की ओर

Q.2 A, B, C, D, J, K और L, एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A के दाईं ओर से गिनने पर A और L के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। L और J के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। A और D के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। K और J के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C और D के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है।
B के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
✗ 1. D
✗ 2. C
✓ 3. L
✗ 4. A

Q.3 यदि संख्या 4376295 के प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में दाएं से तीसरा अंक निम्नलिखित में से कौन-सा होगा?

Ans
✗ 1. 8
✓ 2. 4
✗ 3. 2
✗ 4. 7

Q.4 यदि संख्या 697312458 के प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में सभी विषम अंकों का योग कितना होगा?

Ans
1. 20
2. 18
3. 26
4. 24

Q.5 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन-अंक वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 452 561 514 232 294 (दाएं)

(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी चाहिए।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के पहले अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम क्या होगा?

Ans
1. 6
2. 14
3. 4
4. 7

Q.6 दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन: कुछ नोट्स, किताबें हैं। सभी किताबें, चाबियाँ हैं।

निष्कर्ष (I): कुछ नोट्स, चाबियाँ हैं।
निष्कर्ष (II): सभी चाबियाँ, किताबें हैं।

Ans
1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Q.7 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

LXK : PVH
BPY : FNV

Ans
1. LHC : PEG
2. PNW : TKA
3. LBO : PGS
4. TTE : XRB

Q.8 पारस, मणि, काजल, कुंज, वाणी और सरस एक वृत्त के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। सरस, वाणी के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। वाणी, पारस के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठी है। कुंज, काजल के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। मणि के ठीक दाईं ओर पड़ोस में कौन बैठा है?

Ans
1. सरस
2. काजल
3. वाणी
4. पारस

Q.9 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. AV – HK
✗ 2. VQ – CF
✓ 3. HC – QR
✗ 4. JE – QT

Q.10 अनिल, बिंदु Y से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 12 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 36 km ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 33 km ड्राइव करता है। वह फिर से बाएं मुड़ता है और 17 km ड्राइव करता है। वह फिर बाएं मुड़ता है और 21 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 19 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 13 km ड्राइव करके बिंदु Z पर रुक जाता है। बिंदु Y पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
✗ 1. 41 km, दक्षिण की ओर
✗ 2. 42 km, उत्तर की ओर
✗ 3. 39 km, दक्षिण की ओर
✓ 4. 37 km, उत्तर की ओर

Q.11 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, तय किजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी संतरे, केले हैं।
सभी केले, अंगूर हैं।

निष्कर्ष:
(I): सभी संतरे, अंगूर हैं।
(II): सभी अंगूर, केले हैं

Ans
✗ 1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✗ 2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✓ 3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✗ 4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.12 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

60 71 93 137 225 ?

Ans
✗ 1. 402
✓ 2. 401
✗ 3. 403
✗ 4. 400

Q.13 नमित अपनी कक्षा में नीचे से 13वें स्थान पर तथा शीर्ष से 19वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
✗ 1. 30
✗ 2. 32
✓ 3. 31
✗ 4. 33

Adda247

Q.14 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

TVY QSV NPS KMP ?

Ans
1. HJM ✓
2. HJN ✗
3. HIM ✗
4. HIN ✗

Q.15 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएँ एकल-अंकीय संख्याएँ हैं। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) Ω 2 % 8 & £ 4 * 5 9 ? 6 $ 1 3 # 7 @ (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी प्रतीकों को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा दाएं छोर से छठे स्थान पर होगा?

Ans
1. 5 ✓
2. 8 ✗
3. 4 ✗
4. 9 ✗

Q.16 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

44 39 29 14 −6 ?

Ans
1. −32 ✗
2. −31 ✓
3. −34 ✗
4. −35 ✗

Q.17 यदि संख्या 76391452 में प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
1. चार ✗
2. तीन ✓
3. एक ✗
4. दो ✗

Q.18 दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगी है?
180 159 135 108 78 ?

Ans
1. 35 ✗
2. 32 ✗
3. 45 ✓
4. 54 ✗

Q.19 एक निश्चित कूट भाषा में, 'POUR' को '4527' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'UNIT' को '1356' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी भाषा में 'U' के लिए कूट क्या है?

Ans
1. 2 ✗
2. 1 ✗
3. 3 ✗
4. 5 ✓

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.20 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से VELG का संबंध ZZPB से है। उसी तरीके से, DUTW का संबंध HPXR से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से LKBM का संबंध किससे है?

Ans
1. QDEH ✗
2. PFFH ✓
3. REEG ✗
4. OEFG ✗

Q.21 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त होती है। उस युग्म का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे निम्नलिखित युग्मों की संख्याएँ संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए -13 पर संक्रियाएँ करना जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

21, 124
18, 106

Ans
1. 13, 76 ✓
2. 9, 56 ✗
3. 15, 86 ✗
4. 6, 36 ✗

Q.22 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. BG-UZ ✗
2. XC-QV ✗
3. PU-IM ✓
4. KP-DI ✗

Q.23 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. KL - HG ✗
2. OD - KY ✓
3. TJ - QE ✗
4. ZC - WX ✗

Q.24 उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे 49 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, अनीश दाएँ छोर से 17वें स्थान पर है। यदि राघव, अनीश के बाएँ से 12वें स्थान पर है, तो पंक्ति के बाएँ छोर से राघव का स्थान क्या है?

Ans
1. 22वाँ ✗
2. 23वाँ ✗
3. 20वाँ ✗
4. 21वाँ ✓

Q.25 निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।

MINT - ITNM - TNIM
PLUS - LSUP - SULP

Ans
1. COIL - OLIC - LIOC ✓
2. WANT - AWNT - TANW ✗
3. REST - RSET - TSER ✗
4. TOWN - OTWN - NOWT ✗

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.26 A, K का पुत्र है। K, P का पिता है। P, D की बहन है। D, M की माता है। M, R का पुत्र है। R, B का पुत्र है। A का M से क्या संबंध है?

Ans
✔ 1. माता के भाई
✗ 2. पिता के पिता
✗ 3. माता के पिता
✗ 4. पिता के भाई

Q.27 सात बॉक्स A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। E के ऊपर केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। G और E के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। G और C के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। E के ऊपर किसी स्थान पर C को रखा गया है। C के ठीक नीचे B को रखा गया है। F के ऊपर किसी स्थान पर D को रखा गया है। G के ठीक ऊपर या नीचे A को नहीं रखा गया है। C और D के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
✔ 1. 2
✗ 2. 1
✗ 3. 3
✗ 4. 4

Q.28 दी गई शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, प्रश्न-चिह्न (?) को निम्नलिखित में से किस अक्षर-संख्या समूह द्वारा प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए?

VOH 90, SLE 83, PIB 76, MFY 69, JCV 62, ?

Ans
✗ 1. GJS 55
✔ 2. GZS 55
✗ 3. HZS 55
✗ 4. GZI 55

Q.29 एक निश्चित कूट भाषा में, 'COLD' को '2357' और 'LEAN' को '4136' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'L' के लिए कूट क्या है?

Ans
✗ 1. 4
✗ 2. 6
✗ 3. 5
✔ 4. 3

Q.30 यदि संख्या 8912346 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे तथा दाएं से दूसरे अंकों का योग कितना होगा?

Ans
✗ 1. 8
✔ 2. 10
✗ 3. 6
✗ 4. 7

Adda247